जमुनिया पठार की लीज भूमि पर सोलर प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

परासिया, 5 जून, ग्राम जमुनिया पठार के ग्रामीणों ने कलेक्टर छिंदवाड़ा को आवेदन सौंपकर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोली) पेंच क्षेत्र द्वारा लीज पर ली गई भूमि पर सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने कोयला उत्खनन के लिए लीज पर ली गई भूमि का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया है, जो लीज की मूल शर्तों के विपरीत है।

ग्रामीणों के अनुसार वेकोली ने ग्राम जमुनिया पठार की लगभग 407 हेक्टेयर भूमि को 33 वर्ष की अवधि के लिए भूमिगत कोयला खनन परियोजना हेतु लीज पर लिया था। उनका कहना है कि जनसुनवाई के दौरान केवल कोयला उत्खनन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई थी, जबकि सोलर पावर प्लांट स्थापित करने संबंधी कोई प्रस्ताव ग्रामीणों के समक्ष नहीं रखा गया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा बिना ग्रामवासियों की सहमति एवं आवश्यक अनापत्ति के भूमि पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि की सतह पर स्थायी निर्माण किए जाने से लीज अवधि समाप्त होने के बाद जमीन की उपयोगिता प्रभावित हो सकती है तथा किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वर्ष 2009 की जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं सामाजिक विकास संबंधी जो आश्वासन दिए गए थे, उनका अपेक्षित क्रियान्वयन अब तक नहीं हुआ है। इसके बावजूद लीज भूमि पर सोलर प्लांट एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने, सोलर परियोजना से संबंधित सभी अनुमतियों एवं अनापत्तियों की जांच करने तथा लीज शर्तों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही लीज भूमि पर किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी भूमि को जिस उद्देश्य के लिए लीज पर दिया गया था, उसी उद्देश्य तक उसका उपयोग सीमित रखा जाना चाहिए तथा किसानों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

ग्रामीणों ने जताया विरोध

ग्राम जमुनिया पठार की भूमि में सोलर प्लांट कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण में जमकर विरोध जताया। उन्होंने कंपनी द्वारा चलाए जा रही जेसीबी मशीन के सामने आकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए मशीन नहीं चलने दी। मौके पर वेकोलि सुरक्षा विभाग के अधिकारी सहित पुलिस मौके पर उपस्थित थी।

ग्राम और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना प्राथमिकता : ओकटे

मैनीखापा एवं सांवरी ब्लॉक कांग्रेस की बैठकों में संगठन विस्तार और युवा नेतृत्व पर मंथन

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 5 जून, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनीखापा एवं सांवरी की बैठकें गुरुवार को संपन्न हुई। बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ, पंचायत और ग्राम स्तर पर कांग्रेस संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठकों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। संगठन को गांव, मंजरे और टोलों तक मजबूत करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी, मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशा के अनुरूप संगठन को मजबूत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पदाधिकारियों को युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन कर संगठन की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना चाहिए, ताकि भविष्य में संगठन और अधिक सशक्त बन सके।

बैठक में पांढुर्ना विधायक निलेश उइके ने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ वे हर परिस्थिति में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता निडर होकर जनता के बीच कार्य करें, पार्टी नेतृत्व का मार्गदर्शन और सहयोग सदैव उनके साथ है।

बैठक में कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों एवं प्रकोष्ठों की गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। पदाधिकारियों को प्रति माह बैठक आयोजित कर संगठनात्मक कार्यों का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक से पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान सदाशिव धुर्वे, प्रमोद सूर्यवंशी, सुभाष उइके, ललित लांझीवार, सीताराम वाडिवा, भगवान शाह इनवाती, श्रीराम ठाकरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिछुआ कॉलेज में गूंजा मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का संदेश

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 5 जून, युवाओं को मानसिक अवसाद, तनाव और आत्महत्या जैसे गंभीर विचारों से दूर रखने के उद्देश्य से शासन की संवेदनशील और सराहनीय पहल के तहत शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आपराधिक अपील क्रमांक 1424/2025 में दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया। शासन की इस नई पहल के अंतर्गत अब सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद और आत्महत्या जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी चंद के मार्गदर्शन एवं शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के प्राचार्य डॉ. पी. यादव के सहयोग से संपन्न हुआ। विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रबुद्धजनों ने शासन की इस कल्याणकारी पहल की सराहना की।

मुख्य वक्ता ने बताए तनाव प्रबंधन के प्रभावी उपाय

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. साक्षी सहारे ने मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या निषेध विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन, अवसाद के लक्षणों की पहचान तथा उनसे उबरने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और किसी भी प्रकार के तनाव की स्थिति में संवाद बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विपिन मोखलगाय, मनीष पटेल एवं डॉ. नीरज खंडागले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का संकल्प लिया।

गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी में उमरानाला चौकी को दोहरी सफलता

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 5 जून, जिले में गुमशुदा व्यक्तियों एवं अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उमरानाला चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामलों में लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देश पर गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उमरानाला चौकी प्रभारी राजेश साहू ने एसडीओपी मोहखेड़ एवं थाना प्रभारी मोहखेड़ के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की।पुलिस टीम ने चौकी उमरानाला के

अपराध क्रमांक 566/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज उस मामले में सफलता हासिल की, जिसमें एक नाबालिग बालिका दिसंबर 2025 से लापता थी। वहीं अपराध क्रमांक 257/26 धारा 137(2) बीएनएस में दर्ज दूसरी नाबालिग बालिका, जो 28 मई 2026 से लापता थी, की भी तलाश कर ली गई। पुलिस ने लगातार तकनीकी एवं मैदानी जांच करते हुए एक बालिका को मोहखेड़ एवं दूसरी को धर्मटेकड़ी क्षेत्र से दस्तयाब किया। दोनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर आवश्यक कार्रवाई के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी राजेश साहू, एएसआई संतोष बघेल, प्रधान आरक्षक श्याम ठाकरे, प्रधान आरक्षक हेमंत इंदुलकर, महिला प्रधान आरक्षक अनुकम्पा, महिला आरक्षक कविता मोहबे, साइबर सेल के आदित्य रघुवंशी एवं नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस टीम की सराहनीय कार्यप्रणाली को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। यह सफलता जिले में गुमशुदा बच्चों की तलाश एवं सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

तीन गांवों की पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी सफलता

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 5 जून, क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिल्लेवानी अंतर्गत अंबाझीरी, हंडियापाठर एवं छोटी बंजारी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए युवक कांग्रेस नेता राजू वाडिवा के अथक प्रयासों से नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। ट्रांसफार्मर लगने से अब तीनों गांवों की जलप्रदाय योजना को नियमित विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा।

बताया जाता है कि बिजली आपूर्ति में बार-बार आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण वाटर सप्लाई प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद उपाध्यक्ष राजू वाडिवा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर समस्या के निराकरण के लिए प्रयास किए।उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, जिससे अब जलप्रदाय योजना सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर स्थापना पर खुशी व्यक्त करते हुए राजू वाडिवा का आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि की सक्रियता और लगातार किए गए प्रयासों के कारण वर्षों पुरानी समस्या का समाधान संभव हो पाया है।

राजू वाडिवा ने कहा कि क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। पेयजल, बिजली, सड़क और अन्य जनहित के कार्यों के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा आगे भी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से अंबाझीरी, हंडियापाठर एवं छोटी बंजारी के सैकड़ों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित हो सकेगी।

फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 5 जून, आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों के तहत एसडीएम सुधीर जैन ने नगर निगम सभा कक्ष में नगर निगम की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्राधिकृत अधिकारियों के साथ दावा एवं आपत्तियों की संशोधित अवधि, प्राप्त आवेदनों तथा मतदाता सूची को अधिक से अधिक त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावा-आपत्ति एवं नए नाम जोड़ने की अवधि, जो पूर्व में 15 मई से 25 मई तक निर्धारित थी, उसे बढ़ाकर अब 15 जून को दोपहर 3 बजे तक कर दिया गया है। आयोग के निर्देशानुसार सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा त्रुटियों के सुधार का अवसर प्रदान किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि नगर निगम क्षेत्र में विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर लगभग 1 लाख 89 हजार मतदाता दर्ज हैं। वहीं नए नाम जोड़ने के लिए अब तक 465 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में दावा-आपत्तियों के निराकरण एवं प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, विशेषकर विवाह के बाद नगर क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं अथवा अन्य कारणों से जिनका नाम दर्ज नहीं हो पाया है, तो वे अपने संबंधित वार्ड के निर्धारित मतदान केंद्रों पर जाकर आवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में मास्टर ट्रेनर श्री पी.एन. सनेसर, नगर निगम के श्री महेश साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राकृतिक खेती कर किया जा रहा सब्जियों का उत्पादन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 5 जून, कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने शुक्रवार को विकासखंड बिछुआ के ग्राम सामरबोह स्थित कृषक श्री रामचरण राउत के बायो रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) एवं प्राकृतिक खेती प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कृषक रामचरण राउत पिछले 6 से 8 वर्षों से लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उनके द्वारा लौकी, गिलकी, टमाटर, भिंडी, बरबटी (बीन्स), सोयाबीन तथा अंतरवर्ती फसल के रूप में हरी धनिया का उत्पादन किया जा रहा है। खेत में जीवामृत, घनजीवामृत, ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनास, बेस्ट डी-कंपोजर, ब्रह्मास्त्र, बोर्डो मिश्रण, बेवेरिया बेसियाना तथा बायोडाइजेस्टर यूनिट के माध्यम से जीवामृत तैयार किया जा रहा है। कृषक द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए 8 से 10 देशी पशुओं का पालन भी किया जा रहा है तथा खेती के साथ फलदार वृक्ष लगाकर अतिरिक्त आय अर्जित की जा रही है। किसान श्री राउत ने बताया कि उनके द्वारा उत्पादित जैविक फसलों का विक्रय प्रत्येक शनिवार को गुरैया सब्जी मंडी, छिंदवाड़ा में आयोजित जैविक हाट बाजार में किया जाता है, जहां उन्हें उत्पादों के अच्छे दाम प्राप्त होते हैं। कलेक्टर श्री नारायन ने कृषक के नवाचारों एवं प्राकृतिक खेती के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे खेती की लागत कम होती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने कृषक श्री राउत को आसपास के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी।

चौपाल लगाकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया सीधे संवाद

ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 5 जून, कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विकासखंड बिछुआ की ग्राम पंचायत खमारपानी में चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया।

चौपाल के दौरान कलेक्टर नारायन ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा जनहित से जुड़े मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। चौपाल में ग्राम पंचायत सामरबोह की एक महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि शौचालय निर्माण पूर्ण होने के बावजूद उन्हें अब तक प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा प्रकरण की जांच कर पात्र हितग्राही को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की उपलब्धता को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा पेयजल व्यवस्था को शीघ्र सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा सड़क, विद्युत, आवास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कमी न रहे।